## खबर संक्षेप

### आरुषि अग्रवाल ने 93% अंक अर्जित कर नगर को किया गौरवान्वित



**भुआबिछिया।** नगर बेटी कु,आरुषि अग्रवाल पिता आशीष वर्षा अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए (CBSE ) में सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल जबलपुर से 12 वीं मैं कॉमर्स सब्जेक्ट में 93% अंक प्राप्त कर अपने ग्रह नगर बिछिया को गौरवांवित किया आरुषि ने बताया वह हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की वहां पर मोबाइल अलाउड नहीं होने कारण पूरा ध्यान सिर्फ पढ़ाई में ही केंद्रित रहता था रात में 5 से 6 घंटे तक पढ़ाई करती थी, मैं अपनी कामयाबी का श्रेय अपने सभी शाला शिक्षकों और अपने माता पिता होस्टल वार्डन को देती हूँ।

### वेदांत साहू ने हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 98% अंक किए अर्जित



**भुआबिछिया।** हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा (सीबीएससी) के घोषित परीक्षा परिणा में मुकेश साहू के सुपुत्र, केंद्रीय विद्यालय के छात्र वेदांत साहू ने सभी विषय में विशेष योग्यता के 98 % अंक अर्जित कर प्रथम में उत्तरीण होकर नगर को गौरवान्वित किया है।

### वेदांश पिपरे ने 92.6% अंक प्राप्त कर पाई सफलता

**भुआबिछिया।** बिछिया नगर के निवाशी लोक निर्माण विभाग में पदस्थ उपरांत्री किशन अर्चना पिपरे के पुत्र वेदांश पिपरे ने (CBSE) 12th बोर्ड परीक्षा में 500 में से 463 मार्क्स प्राप्त करते हुए 92.6% अंक अर्जित कर शाला और नगर को गौरवान्वित किया है, वेदांश ने ब्रायन चाइल्ड अकैडमी मंडला का छात्र है ने मैथामेटिक्स सब्जेक्ट्स सहित अन्य विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है, आप अपनी सफलता का श्रेय शाला मैनेजमेंट और माता पिता को देते है।

## बड़ी दुकान का किराया 15 हजार जबकि छोटी का 12 हजार रूपये निर्धारित

# सभी दुकानों में एक से साइन बोर्ड

*** रोगी कल्याण समिति की बैठक में हुये निर्णय।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में रोगी कल्याण समिति के सचिव सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने पिछली छःमाही की प्रगति के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत प्रक्योरमेंट एण्ड मेंन्टेनेन्स सब कमेटी का गठन करें। यह सब कमेटी रोगी कल्याण समिति के समस्त प्रकार के क्रय एवं रखरखाव के कार्यों के लिए अधिकार संपन्न होगी। उन्होंने समिति में अशासकीय सदस्यों की संख्या बढ़ाने की अपील की। बैठक में रोगी कल्याण समिति के आय की मदों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि रोगी कल्याण समिति की दुकानों के लिए बढ़ा हुआ किराया निर्धारित कराएं। छोटी दुकानों के लिए किराया 12 हजार रूपए एवं बड़ी दुकानों के लिए 15 हजार रूपए निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सभी दुकानों का फ्रंट लुक एक समान दिखाई दे इसके लिए एक बोर्ड डिजाईन करें, जिससे सभी दुकानों पर एक तरह का साईन बोर्ड एक ही साईज एवं कलर में रहे।

बैठक में रोगी कल्याण समिति के कर्मचारियों की मानदेय वृद्धि के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि समिति के आय-व्यय का आंकलन करते हुए मानदेय वृद्धि का प्रस्ताव तैयार करें। प्रस्ताव में कर्मचारियों के अनुभव को ध्यान में रखें। उन्होंने कहा कि अस्पताल मेंन्टेनेंस तथा दवाओं के संबंध में शासन को भेजने के लिए प्रस्ताव तैयार कराएं। बैठक में अस्पताल में चिन्हित किए गए ब्लाइंड स्पॉट्स के लिए नए 32 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान एम्बूलेंस सर्विस चार्ज में वृद्धि, 100 वाहन के चार्ज में वृद्धि, जन्म प्रमाण पत्र शुल्क बढ़ाने, ईसीजी चार्ज, दुकानों के नगरीयकरण, हस्तांतरण एवं नामांतरण शुल्क तय करने, चिकित्सालय के एयरकंडीशनर्स के रखरखाव, समिति सदस्यों के डोनेशन बढ़ाने, आईसीयू एवं पेईंग वार्ड का किराया बढ़ाने, द्वितीय तल पर वेटिंग एरिया निर्माण, जनरेटर, पेस्ट कंट्रोल, उदयचौक पर स्थित रोगी कल्याण समिति के भवन तथा अस्पताल के सामने स्थित जर्जर धर्मशाला के संबंध में भी प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, आरएमओ डॉ. प्रवीण उइके, अशासकीय सदस्य संजय तिवारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।



## कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली समीक्षा बैठक



*** उपार्जन को लेकर दिये गये आवश्यक निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जबलपुर संभाग आयुक्त धनंजय सिंह भदौरिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी जिलों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय लेते हुए सीएम हेल्पलाईन, ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाईलों के मूवमेंट, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर, डगवेल, खेत तालाब, माय भारत पंजीयन तथा रबी उपार्जन के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में अगले सप्ताह नरसिंहपुर में आयोजित हो रहे प्रदेश के दूसरे कृषि उद्योग समागम के आयोजन तथा मई के अंत में छिंदवाड़ा के तामिया में आयोजित होने वाले भारिया सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में मंडला एनआईसी से सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, सहायक संचालक आदिवासी विकास रंजीत गुप्ता, तहसीलदार बम्हनी वृत हीरालाल तिवारी सहित संबंधित उपस्थित थे।



# आईटीआई में सिविल डिफेंस वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शासकीय आईटीआई मंडला में आपदा प्रबंधन एवं सिविल डिफेंस विषय में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में लगभग 100 छात्र-छात्रायें एवं शिक्षक स्टॉफ उपस्थित रहे। वर्कशॉप के दौरान 53 सीडीवी फार्म भरे गए। उपस्थित सदस्यों को सिविल डिफेंस की सामान्य जानकारी, सिविल डिफेंस के कार्य की जानकारी, फर्स्ट एड, अग्नि दुर्घटना में किस प्रकार बचाव कार्य किया जाता है ? की जानकारी, सीपीआर, सायरन की जानकारी एवं ब्लैक आउट के दौरान किस तरह बचाव कार्य किया जाना है ? की जानकारी दी गई। इसके बाद आपदा उपकरणों की जानकारी देते हुए विस्तार से समझाया गया। वर्कशॉप में पेशेंट को किस तरह से लिफ्टिंग मूविंग की जाती है ? इसकी जानकारी देते हुए अभ्यास भी कराया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को अग्नि दुर्घटनाओं में आग पर काबू पाने और राहत और बचाव विषयक प्रैक्टिकल भी कराये गये। कार्यशाला का आयोजन एसडीईआरएफ के प्लाटून कमांडर हेमराज परस्ते के मार्गदर्शन में किया गया।

## परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ने की संयुक्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्था संचालको को बच्चों के सुरक्षित आवागमन एवं राहगीरों की सुरक्षा हेतु शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप वाहनों के उपयोग हेतु निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से शासन द्वारा जारी नियमों एवं निर्देशों के अनुसार वाहन संचालित हो इस हेतु परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। प्रदेश भर में कार्यवाही हेतु विशेष अभियान दिनांक 13 मई 2025 से 31 मई 2025 तक चलाया जा रहा है इसी क्रम में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग मंडला की संयुक्त टीम ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में जाकर व पृथक चेकिंग प्वाइंटों में यात्री वाहनों एवम स्कूली वाहन की जांच की गई जिसमें शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था जैसे प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस, कैमरा, पैनिक बटन, स्पीड गवर्नर, फिटनेस, परमिट, रजिस्ट्रेशन, आपातकालीन द्वार , बैग रखने की जगह, वाहन की बॉडी में ग्रिल व जाली एवं छात्रों की सुरक्षा में लगे स्टाफ के बारे में जानकारी ली गई सभी स्टाफ का चरित्र वेरीफिकेशन कराने निर्देशित किया गया साथ ही वाहन के अंदर आकस्मिक सेवा का नंबर अंकित करने हेतु हिदायत दी गई। चेकिंग के दौरान 22 यात्री बसों में कमियां पाए जाने पर उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 27000 रू0 का जुर्माना लगाया गया।



**न्याय यात्रा** | **बालाघाट से निकली यात्रा का मण्डला में हुआ भव्य स्वागत।**

# पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर न्याय यात्रा

*** मण्डला के जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

गुरूवार को पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित अन्य मांगो को लेकर पत्रकारों की न्याय यात्रा बालाघाट से आरंभ हुई है यह न्याय यात्रा बालाघाट से सिवनी से शाम 5 बजे मंडला पहुंची। जहां पर न्याय यात्रा में शामिल पत्रकारों का मंडला के पत्रकारों ने स्वागत किया यहां पर वरिष्ठ पत्रकार सुनील दुबे अन्ना महाराज, वरिष्ठ पत्रकार राजेश साहू, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार हनुमान तिवारी ने न्याय यात्रा में शामिल पत्रकारों से बिन्दुवार चर्चा करते हुए कहा कि लंबे समय से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की बात सरकार कह रही है। लेकिन अब तक इस पर ठोस निर्णय सरकार नही ले पाई है। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने को लेकर कमेटी में गठित कर दी है। वहीं पत्रकारों ने बैठक के दौरान कहा कि विगत दो वर्षो में मप्र के सैकड़ो पत्रकारों पर मामले दर्ज किए गए हैं। इन सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच कराकर इन्हें निरस्त किया जाए। वहीं वर्ष 2017 में पुलिस मुख्यालय मप्र भोपाल द्वारा जारी परिपत्र जिसमें समस्त उप पुलिस महानिरीक्षक, समस्त पुलिस अधीक्षक एवं समस्त पुलिस अधीक्षक रेल विभाग को जारी पत्र में कहा गया था कि पत्रकारों के विरूद्ध कार्यवाही एवं उनके विरूद्ध चल रहे अपराधिक प्रकरणों का उच्च स्तरीय पुरावलोकन किया जाए। पत्र जारी हुए 8 साल बीते रहे है लेकिन आदेश को पूर्ण रूप से अमल में नहीं लाया गया है और पत्रकारों पर बिना जांच पड़ताल के मामले दर्ज किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने न्याय यात्रा में शामिल पत्रकारों का स्वागत किया और पत्रकारों के हित में समर्थन पत्र जारी करते हुए कहा कि उनकी मांगे जायज हैं जिसे मप्र की भाजपा सरकार जरूर पूरा करेंगी। पत्रकार समाज में सच लाने का काम करते हैं और पत्रकारों की सभी मांगे जायज हैं। वहीं बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने मुख्यमंत्री के नाम जारी न्याय यात्रा समर्थन पत्र में कहा कि मप्र में पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे है पत्रकारों के हितों में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होना हितकारी है। पत्रकारों की शिकायतों के संबंध मे मध्यप्रदेश के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच के उपरांत ही कार्यवाही होनी चाहिए। परंतु ऐसा नही हो रहा है। शिकायत की जांच पुलिस के वरिष्ठ अधिकरियों के मार्गदर्शन में ही होना सुनिश्चित किया जाए। जिसकी मैं अनुशंसा करता हूं। तो वहीं निवास विधानसभा के विधायक चैनसिंह वरकड़े ने मुख्यमंत्री के नाम पत्रकार न्याय यात्रा में समर्थन पत्र में कहा कि मध्यप्रदेश में पत्रकारों पर आए दिन हमले की खबरें प्राप्त होते रहती है पत्रकारों की शिकायतों के वरिष्ट अधिकारियों द्वारा जांच उपरांत कार्यवाही होने के निर्देश हैं किन्तु ऐसा नहीं हो पा रहा है शिकायतों की जांच पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ही होना सुनिश्चित हो इस संबंध में अनुशंसा करता हूँ साथ ही पत्रकार न्याय यात्रा सफल हो ऐसी कामना करता हूँ। यह यात्रा बालाघाट से आरंभ हुई जो सिवनी, मंडला, ड्रूषडंडौरी अनूपपुर सहित अन्य जिले होते हुए भोपाल पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य पत्रकारों की लंबित मांगे और हो रहे हमलों पर है। बालाघाट के वरिष्ठ पत्रकार हिमांशू जैन ने बताया कि आशीष भगत, विजय मिश्रा, मिलिंद्र ठाकरे, अंकुश चौहान, रोहित नायड, डिकेश राणा बालाघाट न्याय यात्रा में साथ में सहभागी हैं। वाय कार यात्रा में निकल रहे पत्रकारों को हर जिले में समर्थन मिल रहा है। वहीं पत्रकार न्याय यात्रा 11 जिलों में पत्रकारों से मिलकर ज्ञापन में हस्ताक्षर कराकर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समर्थन पत्र लेकर आगे चलती रहेगी। सिवनी, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, उमरिया, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, और भी अन्य जिलों से पत्रकार न्याय यात्रा भोपाल पहुंचेगी जहां पर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेगी। ज्ञापन के मुख्य बिंदु मध्यप्रदेश में पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। पत्रकारों के हितों में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होना हितकारी है। दो साल में दर्ज पत्रकारो के खिलाफ सभी मामलो की उच्च स्तरीय जांच कराकर निरस्त किए जाने कार्यवाही हो। पत्रकारों की शिकायतों के संबंध में मध्यप्रदेश के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच के उपरांत ही कार्यवाही होनी चाहिए। परंतु ऐसा नही हो रहा है। शिकायत की जांच पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ही होना सुनिश्चित किया जाए। जनसंपर्क विभाग प्रदेश, संभाग, जिला एवं तहसील स्तर पर पत्रकारों की सूची तैयार कर शासकीय कार्यालय एवं पुलिस थानों में उपलब्ध कराए। भिंड में पत्रकारों के साथ मारपीट, बालाघाट में पत्रकार पर चाकूबाजी, सीधी में पत्रकार का घर जलाना जैसी घटनाओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षण और ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो को लेकर भी ज्ञापन में उल्लेख है। न्याय यात्रा यहां से डिंडौरी के लिए रवाना हुई।



## 05 सत्र मे निरीक्षक से प्रआरक्षक स्तर के 158 जांच अधिकारियों ने नवीन कानुन का लिया प्रशिक्षण



*** 05वे प्रशिक्षण सत्र का हुआ समापन, 39 आईओ हुए प्रशिक्षित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को विवेचना सम्बंधी दैनिक कार्यों में कुशल बनाने के उद्देश्य से जिला कंट्रोल रूम मंडला में प्रशिक्षण के पांचवे सत्र का दिनांक 14/05/25 से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पुलिस अधीक्षक मंडला के मार्गदर्शन में अयोजित कार्यशाला के 05 वे सत्र का दिनांक 16/05/2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षण में आए प्रत्येक अधिकारी/ कर्मचारी से वन टू वन चर्चा कर प्रशिक्षण में उनके द्वारा क्या नई जानकारी प्राप्त की गई इस संबंध में फीड बैक प्राप्त किया गया। उक्त क्रम में 05 वे सत्र में 39 जांच अधिकारियों को नवीन अपराधिक कानून विषय पर जिला कंट्रोल रूम मंडला में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को नवीन कानून विषय पर ई-एफआईआर, जीरो की एफआईआर, एफएसएल से संबंधित, गिरफ्तारी एवं कस्टडी, साइंटिफिक एविडेंस कलेक्शन एंड मैनेजमेंट फीलिंग आफ चार्ट शीट फाइनल रिपोर्ट ऑनलाइन समन वारंट, संकलन एप, आईआईएफ फार्म, फिंगरप्रिंट कलेक्शन एवं उसके महत्व, नेफीस, आईटीएसएसओ, महिला संबंधी अपराध नाबालिक संबंधी अपराध घटनास्थल की फोटोग्राफी वीडियो ग्राफी, प्रैक्टिकल सिनेरियो एंड मॉक इन्वेस्टिगेशन एवं अन्य आवश्यक विषय पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में ई साक्ष्य ऐप, आई गॉट कर्मयोगी, हार्टफुल नेस, आदि विषयों पर भी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### नवीन मोबाईल एप्लीकेशन व पोर्टल एवं अपराधों की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।** 16 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागर में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई।पुलिस अधीक्षक के द्वारा मुख्यतः जिले के लंबित एससी/एसटी के लंबित अपराधों / एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों के निकाल एवं इन्वेन्ट्री तैयार करने। लम्बित मर्ग/ लंबित गुम इंसान एवं धारा 137(2) बीएनएस के लंबित प्रकरणों/माईनर एक्ट/प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक समीक्षा/ CEIR Portal पर दर्ज गुम मोबाईल संबंधी शिकायतों, रिकवर मोबाइलों की समीक्षा, eSakshya App, eRakshak App, eVivechna App, eProsecution Portal पर की जाने वाली कार्यवाही की समीक्षा, जिला बदर, अवैध रेत उत्खनन के प्रकरणों व बलात्संग के 50 दिन से उपर के प्रकरणों की थानावार समीक्षा कर त्वरित कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये ।पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा विकसित Sakshya Mobile Application के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया कि यह ऐप पुलिस को आपराधिक मामलों में साक्ष्य रिकार्ड करने और प्रबंधित करने में मदद करता है। इस ऐप के माध्यम से साक्ष्यों और गवाहों के वीडियो और फोटो वास्तविक समय में प्राप्त किये जा सकते हैं, यह ऐप पुलिस को सीधे अपने फोन से तलाशी और जब्ती सहित अपराध स्थलों को रिकार्ड करने की सुविधा देता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों को प्रारंभिक तौर पर माईनर एक्ट के अपराधों में इस ऐप का उपयोग शत-प्रतिशत करने व इनवेस्टिगेशन आफीसर की आई डी. से एफआईआर ऐप के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार eRakshak Application के संबन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि इस ऐप के माध्यम से न्यायालय से ऑन लाईन प्राप्त होने वाले समन, वारण्टों की तामीली ऐप के माध्यम से कराने व इस ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करने व थाना प्रभारियों को प्रतिदिन अपने मोबाईल में ई-रक्षक ऐप के माध्यम से प्राप्त समन वारण्टों की स्थिति चेक करने व तामीली सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा Prosecution Portal के संबन्ध थाना प्रभारियों को अपराधिक प्रकरणों में लोक अभियोजन अधिकारी से चाहे जाने वाले अभिमत पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा ट्राफिक मित्र योजना के अंतर्गत यातायात प्रभारी को अधिक से अधिक ग्रामों में ट्राफिक चौपाल लगाकर ट्रैफिक मित्र बनाये जाने के निर्देश दिये गये।

### गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर दिए कार्यवाही के निर्देश

# कलेक्टर ने जनपद पंचायत समनापुर के ग्रामों में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी**

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने शुक्रवार को जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम बम्हनी, दुधेरा एवं सालीवाड़ा में मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कपिल धारा कूप, खेत तालाब एवं तालाब निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया।

निरीक्षण के समय एसडीएम डिंडोरी सुश्री भारती मेरावी, जनपद पंचायत समनापुर के सीईओ श्री सी.पी. साकेत सहित आरईएस, पीएचई एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने ग्राम बम्हनी में हितग्राही सफी खान के द्वारा बनाए जा रहे कपिल धारा कूप का निरीक्षण किया एवं निर्माण की स्थिति तथा भुगतान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य हितग्राहियों—रमोतिन बाई, कोमल एवं मोटू गणेश से भी चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान मौके पर कूप की गहराई एवं चौड़ाई की माप ली गई, जो निर्धारित मापदंडों से कम पाई गई। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा ई-आरईएस को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने वनवासी मोहल्ला, बम्हनी में सार्वजनिक कूप में नल की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया एवं ग्राम पंचायत बम्हनी की नलजल योजना के तहत ग्रामीणों को नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विकासखंड समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के पोषक ग्राम दुधेरा में पहाड़ी क्षेत्र में किए गए कन्टूर टेंच निर्माण कार्य में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। जानकारी के अनुसार, पंचायत द्वारा किए गए खर्च की तुलना में पौधरोपण हेतु खुदवाए गए गड्ढों की संख्या कम पाई गई है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरईएस विभाग को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जिम्मेदार कर्मचारियों एवं निर्माण एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।



कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सर्वोपरि है, और किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए जिससे दोषियों की जिम्मेदारी तय की जा सके। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत बम्हनी में वर्ष 2023 में 15वें वित्त आयोग की योजना के अंतर्गत निर्मित नाली को अब तक खुला छोड़ दिया गया है। नाली के खुले रहने से आम नागरिकों के साथ-साथ मवेशियों के गिरने एवं दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका लगातार बनी हुई है। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जनपद पंचायत समनापुर के सीईओ तथा ग्राम पंचायत बम्हनी के सचिव को निर्देश दिए हैं कि नाली को तत्काल प्रभाव से ढंका जाए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी तीन दिवस के भीतर नाली को पूरी तरह से ढकने का कार्य पूर्ण किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**

राज्य शासन द्वारा प्रसारित आदेशों एवं महानिदेशक होमगाड्र्स तथा कंट्रोलर सिविल डिफेंस के निर्देशों के पालन में जिला कार्यालय होमगार्ड, डिंडोरी में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, थाना प्रभारी समनापुर, जनपद पंचायत समनापुर के एडीओ, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर 105 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स एवं 16 होमगार्ड एसडीईआरएफ जवानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के दौरान वालेंटियर्स को हवाई हमले की स्थिति में बचाव कार्य, रेड एवं ग्रीन सायरन की उपयोगिता, ब्लैकआउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियाँ, अग्नि सुरक्षा, बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान नागरिक सुरक्षा से संबंधित 12 प्रमुख सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही घायलों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित ले जाने की विधियाँ, ऊँचे भवनों से घायलों को उतारने के तरीके, आग लगने पर प्राथमिक उपचार एवं रक्तस्त्राव रोकने जैसी आवश्यक जानकारियाँ भी दी गईं।

प्रशिक्षण का संचालन प्लाटून कमांडर शिवराज पन्द्रे एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक नए वालेंटियर्स को जोड़ने की अपील की।

## 20 मई को आयोजित होगा रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला

### 10 प्रतिष्ठित कंपनियां होंगी शामिल

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग डिंडौरी के तत्वावधान में जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल करियर सेंटर) डिंडौरी द्वारा आगामी 20 मई 2025 को एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 11:00 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी परिसर में आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में देश की 10 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी, जिनमें प्रमुख रूप से शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरिटीज, डिक्सन टेक्नोलॉजीज प्रा.लि., कैट एड्यूसिस प्रा.लि., वर्धमान यार्न्स मण्डीदीप, मॉडर्न वूलेंस भीलवाड़ा, आर. स्क्वायर, यश कंस्ट्रक्शन गाजियाबाद, करियर ब्रिज स्किल सॉल्यूशन शामिल हैं। इन कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। उपलब्ध पदों में मशीन ऑपरेटर, अप्रेंटिसशिप, सुपरवाईजर, सिक्योरिटी गार्ड, सेल्स एग्जीक्यूटिव, टेक्निशियन आदि शामिल हैं। जिसके लिए शैक्षणिक 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तक निर्धारित है। वेतनमान 10,000 से 21,000 प्रतिमाह (कंपनी व पद के अनुसार) निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बॉयोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार कार्ड की प्रतियां साथ लाना अनिवार्य है। यह मेला क्षेत्रीय युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे न केवल रोजगार पा सकते हैं, बल्कि कौशल विकास और अप्रेंटिसशिप के माध्यम से अपने करियर को सशक्त बना सकते हैं।

### 11 केव्ही अनूपपुर शहर फीडर में आज व कल विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरुद्ध

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभाग अनूपपुर अंतर्गत वितरण केन्द्र अनूपपुर (शहर) के 11 के.व्ही. टाउन फीडर का रेलवे ओव्हर ब्रिज अनूपपुर के पास लाइन मेन्टेनेंस एवं लाइन चार्ज का कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 17 व 18 मई को 11 के.व्ही. अनूपपुर शहर फीडर से संबंधित समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 7:30 बजे से प्रातः 8:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की टीम ने दिया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में नागरिक सुरक्षा के तहत शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में गुरूवार को होमगार्ड एवं एस.डी.ई.आर.एफ. की टीम द्वारा सिविल डिफेन्स वालेन्टियर्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नागरिक सुरक्षा एवं 12 सेवाएं, हवाई हमले चेतावनी एवं सायरन व ब्लैक आउट के दौरान की कार्यवाही, अग्नि आपदा तथा प्रथमोपचार के अंतर्गत सीपीआर, पट्टी ड्रेसिंग आदि के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर होमगार्ड जिला सेनानी अजय सिंह कश्यप, प्लाटून कमाण्डर रामनरेश भवेदी, प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर डॉ. अनिल सक्सेना, एस. डी. ई. आर. एफ. की टीम के सदस्य, महाविद्यालय के स्टॉफ, विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से वितरित किया जा रहा पोषण युक्त खाद्यान्न

**डिंडौरी ।** जिले के समस्त शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं को शासन द्वारा स्वास्थ्यवर्धक पहल के तहत फोर्टीफाइड चावल एवं डबल फोर्टीफाइड नमक का वितरण किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी जानकारी में बताया गया है कि इन पोषण युक्त खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से शरीर में खून की कमी, अर्थात एनीमिया जैसी समस्या को दूर किया जा सकता है।जानकारी के अनुसार, फोर्टीफाइड चावल में आयरन, विटामिन बी-12 एवं फॉलिक एसिड जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाए गए हैं। यह चावल मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जनवरी 2023 से वितरित किया जा रहा है। इसे सामान्य चावल की तरह पकाया और खाया जा सकता है। फोर्टीफाइड चावल के दाने दिखने में सामान्य चावल जैसे ही होते हैं, हालांकि इनमें पोषक तत्व समाहित रहते हैं। इन्हें धोने या पकाने के दौरान अगर कुछ अलग दिखे, तो भ्रमित न हों, यह कोई प्लास्टिक चावल नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी पोषण युक्त चावल है। वन्या प्लस नामक डबल फोर्टीफाइड नमक में आयोडीन एवं आयरन की पूर्ति की जाती है। यह नमक 1 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से उपलब्ध है। कुछ उपभोक्ताओं द्वारा नमक में काले बारीक कण होने की शिकायत की गई थी, जिसे लेकर स्पष्ट किया गया है कि वे कण वास्तव में आयरन के होते हैं और स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह सुरक्षित एवं लाभकारी हैं। इनका नियमित सेवन एनीमिया जैसी समस्याओं को दूर करने में सहायक होता है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इन पोषण युक्त खाद्य पदार्थों का पूर्ण विश्वास के साथ उपयोग करें तथा किसी प्रकार की भ्रांतियों या अफवाहों से बचें। यदि किसी हितग्राही को इस संबंध में कोई शंका या जानकारी लेनी हो तो वे अपने ग्राम की शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता अथवा क्षेत्रीय सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

## डिंडोरी को मिलेगी नगर पालिका की सौगात

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** *डिंडोरी नगर परिषद को अब नगर पालिका परिषद का दर्जा दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा डिंडोरी नगर परिषद का उन्नयन कर नगर पालिका परिषद गठित किए जाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। यह सकारात्मक पहल राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास श्रीमती प्रतिमा बागरी के विशेष प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने अपने प्रभार के जिले डिंडोरी के दो दिवसीय प्रवास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और निवासियों की मांग पर इस संबंध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।*

*राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने डिंडोरी के भौगोलिक महत्व को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए, नगरीय विकास एवं आवास विभाग को इस उन्नयन हेतु आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। डिंडोरी के नगर पालिका बनने से यहां के विकास को नई गति मिलने की प्रबल संभावना है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और अधोसंरचना प्राप्त होगी। इस कार्यवाही के शुरू होने से डिंडोरी और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों ने राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के इस सकारात्मक और सक्रिय प्रयास की सराहना की है। उनका मानना है कि डिंडोरी को नगर पालिका का दर्जा मिलने से शहरी विकास योजनाओं का अधिक लाभ मिल सकेगा और क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। हालांकि, नगर पालिका के गठन हेतु जनसंख्या और आय संबंधी मापदंडों को पूरा करने के लिए आसपास की ग्राम पंचायतों को इसमें शामिल करने संबंधी प्रक्रिया विचाराधीन है, लेकिन इस दिशा में कार्यवाही का प्रारंभ होना ही एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। राज्यमंत्री के निर्देश पर विभाग द्वारा इस संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाने और प्रस्ताव तैयार करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। डिंडोरी को नगर पालिका परिषद बनाने की दिशा में शुरू हुई यह कार्यवाही क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और यह राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की जनहितैषी सोच और सक्रिय कार्यशैली को दर्शाता है।*

# करंजिया में समर कैंप का ज्वाइंट विजिट



**डिंडौरी ।** 16 मई को करंजिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश पांडे सक्षम कार्यक्रम के जिला प्रबंधक महारन प्रताप सिंह और विकासखंड प्रबंधक भगीरथ द्विवेदी ने करंजिया के बालक छात्रावास और कन्या छात्रावास में संचालित समर कैंप का ज्वाइंट विजिट किया।

'विजिट के दौरान अधिकारियों ने समर कैंप में संचालित की जाने वाली गतिविधियों की गुणवत्ता की जांच की और छात्र-छात्राओं द्वारा अभी तक समर कैंप के माध्यम से की गई गतिविधियों की जानकारी ली। इन गतिविधियों में शामिल हैं:

- **बीज रोपण**
- **वेस्ट टू बेस्ट (कबाड़ से जुगाड़)**
- **मिट्टी से दैनिक जीवन में उपयोग करने वाली वस्तुओं का निर्माण**
- **पेपर से बनाई आकृतियां**
- **कपड़ों से सजावट के समान बनाना**

**'छात्र-छात्राओं की रुचि'**

करंजिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश पांडे जी ने छात्र-छात्राओं की रुचि के संदर्भ में जानकारी ली और समर कैंप की गतिविधियों की गुणवत्ता की जांच की। विजिट का उद्देश्य समर कैंप को और भी प्रभावी बनाने और छात्रों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए सुझाव देना है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्य

डिंडौरी । जल-गंगा-संवर्धन-अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथ नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री बद्रीप्रसाद चौहान द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को चौपाल के माध्यम से अभियान का उद्देश्य बताते हुए जल का महत्व तथा जल का उपयोग एवं संरक्षण का महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विकासखंड शहपुरा के ग्राम बरोदा में विकासखंड समन्वयक डॉ नीलेशवरी वैश्य के मार्गदर्शन में श्रमदान कार्य तालाब में किया गया जिसमें नवांकुर संस्था, सभी प्रस्फुटन समिति सदस्य उपस्थित रहे । बुधवार को जल गंगा संवर्धन के तहत ग्राम केरीटोला में नवांकुर संस्था - मां भगवती सेवा संस्था बजाग माल द्वारा जल संरक्षण को लेकर कुआं में स्वच्छता कार्य किया गया जिसमें विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती अंजू दुबे,नवांकुर सदस्यों के साथ साथ मेंटर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी तरह जनपद पंचायत द्वारा चयनित सुखमेर नदी गायघाट ग्राम पड़रिया ग्राम पंचायत चांदपुर विकासखंड अमरपुर में नदी संरक्षण के अंतर्गत नदी में फैले पत्थर और खरपतवार एवं झाड़ियों की साफ सफाई की गई, तत्पश्चात सरपंच अमृत सिंह परस्ते एवं नवांकुर संस्था के कार्यकर्ता श्याम सिंह धुर्वे द्वारा जल को महत्व को बताते हुए उपस्थित जन सहभागियों को शपथ दिलाई गई।




### नारद जयंती आज

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर जमुना कोतमा क्षेत्रीय पत्रकार संघ द्वारा आज शाम 5 बजे बंकिम बिहार, जमुना कॉलोनी में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष चंदन केवट एवं संयोजक भगवानदास मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।

**जाहिर सूचना**

मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा पुरानी डिण्डौरी, तहसील व जिला डिण्डौरी द्वारा पक्षकार श्रीमती दुगाबाई पति श्री खन्दु सिंह मरावी निवासी 187 अनाखेडा पोस्ट विक्रमपुर तहसील व जिला डिण्डौरी को एम. पी. जी. बी. आवास ऋण योजनान्तर्गत राशि 9,50,000/- रुपए का ऋण उनके स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि ग्राम अनाखेडा पटवारी हल्का नंबर 26, तहसील व जिला डिण्डौरी में स्थित खसरा नंबर 253/2/2 रकवा 0.0140 हेक्टेयर भूमि को बंधक रखते हुए प्रदान करने वाले है ।ऋणी के बताये अनुसरर एवं अधिवक्ता सर्च रिपोर्ट के आधार पर उक्त भूमि किसी भी बैंक वितीय संस्था, या अन्य स्थान पर बंधक नही है और ना ही कोई संविदा उक्त संपत्ति को लेकर जीवित है और ना ही उक्त संपति पर किसी भी प्रकार का वाद विवाद है । अत: उक्त संपति पर किसी भी व्यक्ति, निकाय, संस्था, बैंक की कोई देनदारी हो या संविदा जीवित हो तो वे मेरे कार्यालय में इस इश्तहार प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर आपत्ति पेश कर सकते है निर्धारित समय के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय
सचिन कुमार जैन (अधिवक्ता)
कार्यालय- चेम्बर क्र. 01 सिविल कोर्ट
निवास-श्री निवास मेन रोड डिण्डौरी
94251-64958, (07644) 234118

## सीईओ मेंहदवानी के तत्परता के चलते सड़क जाम खुलवाया गया



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी** दिनों दिन गिरते जलस्तर के चलते जनपद पंचायत मेंहदवानी के अनेकों ग्रामों में जलसंकट गहराता जा रहा है। जनपद पंचायत मुख्यालय मेंहदवानी में भी प्रतिवर्ष फरवरी महीने से जलसंकट गहरा जाता है क्योंकि फरवरी माह तक यहां कुंए तालाब सूख जाते हैं नतीजतन पूरे मेंहदवानी में पानी के लिए मारामारी शुरू हो जाती है। पानी की समस्या से जूझ रहे मेंहदवानी के थाना मोहल्ला निवासी महिलाओं ने शुक्रवार को खाली बर्तन लेकर मेंहदवानी निवास सड़क मार्ग को जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे जिससे आवागमन रुक गया। महिलाओं द्वारा पानी की समस्या को लेकर सड़क जाम करने की जानकारी लगते ही मौके पर सीईओ मेंहदवानी प्रमोद कुमार ओझा पहुंच गए और महिलाओं की समस्या सुनी और तत्काल पानी टैंकर की व्यवस्था कर पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर सड़क मार्ग खुलवाया गया। सीईओ मेंहदवानी प्रमोद कुमार ओझा ने पीएचई विभाग के एसडीओ से बात कर पानी की समस्या का स्थाई समाधान किए जाने को कहा। उल्लेखनीय हैं कि जनपद पंचायत मुख्यालय मेंहदवानी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विगत तीन वर्षों से पाइप लाइन बिछाई जा रही है पर तीन साल गुजर जाने के बाद भी मिशन अधूरा पड़ा हुआ है जिसके चलते महिलाओं द्वारा आए दिन सड़क जाम कर दिया जाता है। पीएचई विभाग के लापरवाही के चलते हर घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य दम तोड़ते नजर आ रही है।

## राजस्व विभाग की कार्यवाही में रेत से भरे तीन ओवरलोड डम्फर जब्त



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी** कलेक्टर डिंडौरी के निर्देशन और एसडीएम शहपुरा के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार मेंहदवानी भीमसेन पटैल के साथ राजस्व विभाग की टीम के द्वारा शुक्रवार को सुबह लगभग 8:30 बजे चाबी डिंडौरी मार्ग पर ग्राम कोयलीधांसी में रेत से भरे दो ओवरलोड डम्फरों को पकड़ा गया। इसी तरह ग्राम परापानी के पास रेत से भरे एक ओवरलोड डम्फर को पकड़ा गया उक्त तीनों डम्फरों को पंचनामा की कार्यवाही के बाद पुलिस अभिरक्षा में पुलिस थाना मेंहदवानी में खड़ा करा दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### सड़क पर पड़ी जस्ट दुर्घटना को दे रही आमंत्रण



**तेंदूखेड़ा ।** विगत दिनों तेंदूखेड़ा के समीप हरसिद्धि मंदिर जाने वाले सड़क मार्ग के समीप एन टी पी सी से राख लेकर जा रहा एक कंटेनर पलट गया था।जिसकी जस्ट अभी तक वहीं पर पड़ी हुई है। वहां से निकलने वाले वाहनों के कारण जस्ट के गुबार बाहन चालकों को मुसीबत बनें हुए हैं। वाहन निकलने के कारण पीछे सामने तरफ से आने वाले वाहनों को सामने का कुछ नहीं दिखाई दे रहा है। पीड़ित वर्ग ने तत्काल प्रभाव से उक्त जस्ट उठाने की मांग की है।

### महिला ने किया जहरीली दवा का सेवन, हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज, नरसिंहपुर।** सांईखेड़ा थाना अंतर्गत झिकौली निवासी कमला बाई पति सुदामा पडारे उम्र 45 वर्ष ने अपने ही घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया था जिसे परिजन उपचार के लिए गाडरवारा सरकारी अस्पताल लेकर पहुँचे थे गम्भीर स्थिती देखते हुए डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

### बिजली समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर करेली तहसील की विद्युत समस्याओं को लेकर गत दिवस भारतीय किसान संघ के जिला पदाधिकारियों ने विधुत विभाग के अधीक्षण यंत्री से मुलाकात की मुलाकात के दौरान किसानों ने बताया कि उन्हें 10 घंटा की बिजली एग्रीकल्चर फीडर किसानों के लिए मिले एवं लो वोल्टेज की समस्या से किसानों को मुक्त किया जाए । ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान संघ से चंद्रभान बड़कुर एवं जिला सहकारिता प्रकोष्ठ से संजय कुमार पाठक एवं समाजसेवी बाबू पटेल, दीपचंद साहू, लखन पटेल एवं अन्य किसानो की उपस्थिति रही।

### पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी म.प्र. में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। छात्र-छात्राएं कॉलेज पहुंचकर जानकारी ले सकते हैं। कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी बायो, बीएससी मैथ्स जैसे स्नातक कोर्स संचालित हो रहे हैं। पीजी में इकोनॉमिक्स, हिंदी, सोशियोलॉजी, बॉटनी, केमिस्ट्री, जूलॉजी, पॉलिटिकल साइंस, जैसे विषयों में पढ़ाई हो रही है। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष अजय ''बाबा'' पाण्डेहय जी ने बताया कि यह कॉलेज 1962 से संचालित है। यह नगर ही नहीं, जिले का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित कॉलेज है। शासन की ओर से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जन भागीदारी समिति और शासन मिलकर कॉलेज को सर्वसुविधायुक्त बना रहे हैं। कॉलेज में खेल मैदान, जिम, कैंटीन, गार्डन, मंदिर परिसर, प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, नया फर्नीचर, वाटर कूलर, सीसीटीवी कैमरे, गार्ड और पार्किंग की सुविधा है।

### खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राही ई- केवायसी अनिवार्य रूप से करा लें

# अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर तुरंत ले एक्शन- प्रभारी मंत्री





## जिला योजना समिति की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला योजना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने आम जनता से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में सांसदद्वय फग्गन सिंह कुलस्ते व चै. दर्शन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यिा, विधायकद्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, समिति के सदस्य और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक की शुरूआत में श्री राजपूत ने निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी से अवगत कराया जाये। प्रभारी मंत्री ने बैठक में जिला खनिज अधिकारी को सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों पर तत्काल एक्शन लें। खनिज, पुलिस और राजस्व विभाग का अमला संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। श्री राजपूत ने कहा कि लगातार जिला प्रदेश में तीसरी बार प्रथम आने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाये। इसके अलावा नवीन व्यावसायिक शिक्षा में अधिक से अधिक पंजीयन करायें, जिसमें युवाओं की मांग व उनके रूझान के अनुरूप प्रशिक्षण करवायें, जिससे उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। इसके लिए प्रशिक्षण के कोर्स भी बढ़ायें जायें। महिलाओं को सेंट आरसेटी में कौशल उन्नयन एवं रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाये, ताकि महिलाओं को एनआरएलएम से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। बैठक में उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण एजेंसी सीएम राइज स्कूलों के निर्माण कार्य में तेजी लायें और पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करें। प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत माह अप्रैल में खाद्यान्न वितरण की जानकरी ली। बैठक में संबंधित अधिकारी ने बताया कि जिले में प्रतिदिन खाद्यान्न के लिए ई- केवायसी का कार्य कैम्पों का आयोजन कर किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे भी लोगों को ई- केवायसी के लिए प्रेरित करें। शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राही ई- केवायसी अनिवार्य रूप से करा लें। जिले में हुए गेहूं उपार्जन का भुगतान भी शतप्रतिशत पूरा करें। प्रभारी मंत्री को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएस ठाकुर ने अवगत कराया कि जिले में संस्थागत प्रसव, एमआर 1 एवं एमआर 2, पूर्ण टीकाकरण, टीबी उन्मूलन एवं आरबीएसके कार्यक्रम में वृद्धि हुई है। जिले में नरवाई नहीं जलाने के लिए संगोष्ठी, चैपाल आदि के माध्यम से किसानों को प्रेरित कर उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बतायें। प्रभारी मंत्री ने जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। योजना समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों को शीघ्र अमल में लाने तथा दिये गये निर्देशों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

## उच्च रक्तचाप दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** दुनिया भर के लोगों को उच्च रक्तचाप के खतरों से अवगत कराने के लिए विश्वस्तरीय उच्च रक्तचाप दिवस का आयोजन 17 मई किया जाता है। रक्तचाप यदि सामान्य रहे तो सब कुछ सामान्य रहता यही यदि कम या ज्यादा हो जाएं तो अन्य अनेक बीमारियों को दावत दे देता और पता नहीं चलता कब यह चुपचाप ऐसी गहरी नींद में सुला देता कि, व्यक्ति फिर कभी नहीं उठ पाता है। ऐसी साइलेंट किलर कही जाने वाली बीमारी के प्रति सचेत, सजग व सतर्क करने काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की संचालिकाओं सुश्री इंदु सिंह एवं नमिता जनोरिया व डॉक्टर राजश्री पटेल के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन मातृशक्तियों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी उपस्थित वरिष्ठ महिलाओं संध्या कोठारी, सुनंदा भट्ट, शालिनी दुबे, अरुणा दुबे, सरला पांडेय, सुमन शर्मा, अनुराधा कोठारी, अमिता ओसवाल, कविता दुबे, माधवी दीक्षित आदि को डॉ राजश्री पटेल ने बताया कि, उच्च रक्तचाप होने की वजह मूलतः तनाव, चिंता और मोटापा होता अतः हर किसी को इनसे बचकर रहना चाहिए और इसके साथ ही अपने खान-पान व जीवनशैली में भी नियमितता व निरंतरता बनाकर रखने से इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता। डॉक्टर का कहना है कि, सभी महिलाओं को एक उम्र के बाद समय-समय पर अपने ब्लड प्रेशर की जांच करवाते रहना चाहिए ताकि, समय से उसके बारे में जानकर उसका सही उपचार करवाया जा सके तो इसके लिए वे किसी चिकित्सक के सानिध्य में अपना पूर्ण चेकअप जरूर करवाएं। इसके अलावा मेनोपॉज आदि की स्थिति में भी यह एकदम से बढ़ता अतः महिलाओं को इसके बाद अधिक जागरूक होकर महीने में एक बार इसकी जांच करवा ही लेना चाहिए और चिकित्सक के निर्देशानुसार इसकी दवाई लेना चाहिए।

## कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मान





### शासकीय महिला महाविद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार की मौजूदगी में शासकीय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदित है कि नरसिंहपुर के शैलेन्द्र चैधरी ने यूपीएससी परीक्षा में 362 वीं रैंक पाप्त की है। इस अवसर पर कलेक्टर ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि आज समाज में सुविधाओं में वृद्धि तो हुई है, किंतु अनेक स्तरों पर परिस्थितियां और जटिल हो गई हैं। युवाओं को इन जटिलताओं से पार पाने के लिए प्रयास करने होंगे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि कठोर परिश्रम और मेहनत से हीरा बनता है। उसका परिणाम आज देखने को मिला है। उन्होंने शैलेन्द्र चैधरी को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनायें दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज इस समारोह के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को यह एहसास कराना है कि सभी के भीतर कुछ विशेष गुण विद्यमान होते हैं। केवल इन विशेष गुणों को पहचान कर जीवन में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम आयोजन करने का उद्देश्य है कि विद्यार्थी इनसे सीखकर हम प्रेरणा ले सकें। अपने सपने को साकार करने के लिए मेहनत करें। उन्होंने कहा कि आपको भी अपने ऊपर विश्वास होना चाहिये कि हम भी यह कर सकते हैं। सीईओ जिला पंचायत ने भी यूपीएससी से जुड़े अपने अनुभवों को विद्यार्थियों से साझा किये और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में यूपीएससी में चयनित शैलेंद्र चैधरी ने अपनी इस सफलता की यात्रा में आने वाली बाधाओं और उनसे निपटने की रणनीति पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा और विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रज्ञा गुप्ता ने किया।

### सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पदों में भर्ती के लिए पंजीयन शिविरों हो रहा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सिवनी द्वारा बताया गया कि एसआईएस इंडिया सिंगरौली द्वारा सुरक्षा जवान/सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर जिले में विकासखंड स्तर पर भर्ती पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विकासखंड कुरई, छपारा, धनौरा तथा लखनादौन शिविर का आयोजन हो चुके हैं। इसी क्रम में विकासखंड घंसौर में शनिवार 17 मई को जनपद पंचायत में, विकासखंड केवलारी में सोमवार 19 मई को जनपद पंचायत में एवं विकासखंड बरघाट में मंगलवार 20 मई को जनपद पंचायत में तथा विकासखंड सिवनी में बुधवार 21 मई को जनपद पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। आयोजित शिविर में 100 पदों पर भर्ती प्रक्रिया के लिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं, आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 167.5 से.मी. से कम न हों। शेष शर्तें भर्ती अधिकारी एवं कम्पनी के मापदण्ड अनुसार लागू होंगे।

### अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाडी छात्रों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार विकासखंड कुरई अंतर्गत खेल परिसर कुरई में सत्र 2025-26 के लिये अनुसूचित जनजाति खिलाडी छात्रों का चयन किया जाना है। जिसमें कक्षा छटवीं से कक्षा नवमीं तक के विद्यार्थी खिलाडियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कक्षा नवमीं के बाद के खिलाडी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल परिणाम के आधार पर किया जाना है। मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष के खिलाडियों को, जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष खिलाडियों को एवं 16 से 18 वर्ष के खिलाडियों को सीनियर समूह में रख कर चयन किया जाना है।

## जल संरक्षण व संवर्धन अभियान जनसहयोग से ही पूरा होगा






**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 30 मार्च से 30 जून तीन माह तक लगातार जल गंगा संवर्धन अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान की शुरूआत करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रत्येक व्यक्ति को जुड़ने की आवश्यकता है। वर्तमान के साथ- साथ भविष्य को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हमारी है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में ग्राम पंचायतों से लेकर शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य हो रहे हैं। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत नरसिंहपुर विकासखंड की ग्राम सिमरिया- बरखेड़ा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब जीर्णोद्धार के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री राजपूत एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने गैती चलाकर तालाब जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद चै. दर्शन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यिा, विधायकद्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि अभियान को सफल बिना जन सहयोग के नहीं किया जा सकता है। हमारे सामने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन का उदाहरण दिया है। यह स्वच्छता अभियान जन चेतना के कारण ही संभव हो सका है। आज पूरे देश में इंदौर स्वच्छता में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह हम सभी को एकजुट होकर जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के प्रयास करने की जरूरत है। ग्राम सिमरिया में जहां इस तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य का भूमिपूजन हुआ है वह प्राकृतिक दृष्टि से अच्छा स्थान है। जब जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो जायेगा और बरसात के समय इस स्थान पर पानी का संग्रहण होगा। मुझे उम्मीद है कि जिला प्रशासन ने इसी तरह अन्य स्थानों का चयन नवीन जल संरचनाओं के निर्माण के लिए होगा। यह दृश्य अपने आप में अद्भुत होगा। नागरिक जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में तालाब के जीर्णोद्धार और इस अभियान को अपने घर का अभियान समझकर आगे आयें। चै. दर्शन सिंह ने अपनी बात रहीम के दोहे रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून- पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून से शुरू की, जिसका अर्थ है हम सभी को पानी बचाकर रखना चाहिये। पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। हम सभी को इस दोहे को आत्मसात करने की जरूरत है। कलेक्टर ने जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना से अवगत कराया। उन्होंने अमृत सरोवर, खेत- तालाब निर्माण आदि जल संरचनाओं के फायदे बताये। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर व खेत- तालाब निर्माण से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। इसके अलावा किसान वानिकी फसल लगाकर और मछली का उत्पादन कर अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं।

## बिजली की समस्याओं से किसान परेशान

### शिकायतों के बाद निराकरण नहीं

**तेंदूखेड़ा ।** इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्यायों से हर वर्ग परेशान बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। हमारे प्रतिनिधि को किसान संघ के मीडिया प्रमुख सतीश पटेल ने बताया कि उनके द्वारा 1912 पर विगत 16 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन एक माह बीत जाने के बाबजूद भी समस्या का कोई निराकरण नहीं हुआ। यहां तक कि ओ आई सी से लेकर अधीक्षण यंत्री तक मोबाइल के माध्यम से अबगत भी करा दिया गया है । इसके बावजूद भी कोई निराकरण नहीं मिल रहा है ऐसी स्थिति में शीघ्र ही बड़े आंदोलन की रूपरेखा बना रहे है । गौरतलब रहे कि इन दिनों जमीनी जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण पानी की समस्या बनी हुई है। ऊपर से बिजली ना मिलने के कारण लोग निस्तार के लिए खेतों के मोटर पंपों और मूंग की फसल में पानी नहीं दे पा रहे हैं। मूंग फसल सूखने की स्थिति में आ गई है।

## 47 सिविल डिफेंस वॉलेंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**तेंदूखेड़ा ।** गत दिवस जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन नरसिंहपुर के आदेशानुसार टी आर चौहान डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड, के मार्गदर्शन में वीरेंद्र सूर्यवंशी प्लाटून कमांडर एवं एस डी आर एफ होमगार्ड की संयुक्त टीम द्वारा नगर पालिका तेंदूखेड़ा अंतर्गत मंगल भवन में 47 सिविल डिफेंस वॉलेंटियर को नागरिक सुरक्षा नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाएं उनके कार्य हवाई हमले के पूर्व दौरान एवं बाद की कार्यवाही ब्लैकआउट के दौरान की कार्यवाही की आग आग के प्रकार अग्निशमन यंत्र एवं चलाने का तरीका सीपीआर इमरजेंसी मूव लिफ्टिंग मूविंग प्राथमिक उपचार पट्टी बांधना स्प्लिंट का उपयोग विक्टिम को स्टेबलाइजेड करना आपदा उपकरणों की जानकारी एवं प्रैक्टिकट डेमोंस्ट्रेशन कर प्रशिक्षण दिया गया।